दिन– शुक्रवार | दिनांक– 03/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक दो हजार छब्बीस के पारित होने को जीवन यापन और व्यापार करने में सुगमता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

02. जीएसटी कर संग्रहण में नौ प्रतिशत की वृद्धि के साथ बिहार देशभर में चौथे स्थान पर। वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में तैंतालीस हजार तीन सौ चौबीस करोड़ का रिकॉर्ड राजस्व संग्रह।

03. प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान पैंतीस डिग्री के पार। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अड़तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ डेहरी, शेखपुरा और भभुआ राज्य के सबसे गर्म स्थान रहे।

04. और, गुड फ्राईडे के अवसर पर प्रदेशभर के गिरिजाघरों में हो रहा है विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन।

---

संसद ने जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक पारित कर दिया है, जिसे राज्यसभा ने कल मंजूरी दी थी। लोकसभा ने बुधवार को यह विधेयक पारित किया था। यह विधेयक जीवन यापन और व्यापार करने में सुगमता के लिए विश्वास पर आधारित शासन को और मजबूत करने के लिए कुछ कानूनों में संशोधन करता है, ताकि अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा सके और उन्हें तर्कसंगत बनाया जा सके। विधेयक छोटे अपराधों को उसके अनुपात में जुर्माने और दंड को संशोधित करने जैसे उपाय लागू करेगा। इसमें तेईस मंत्रालयों द्वारा प्रशासित उनासी केंद्रीय अधिनियमों में संशोधन का प्रस्ताव है। कुल सात सौ चौरासी प्रावधानों में संशोधन प्रस्तावित है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक के पारित होने से देश में जीवन यापन और व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विधेयक विश्वास पर आधारित ढांचे को मजबूत करता है।

---

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव नीरज मित्तल ने देश भर में ईंधन आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अपर मुख्य सचिवों और प्रधान सचिवों – खाद्य और नागरिक आपूर्ति के साथ बैठक

की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, सचिव ने राज्यों को जमाखोरी, हेराफेरी और अनावश्यक डर पैदा करने वाली गलत सूचनाओं के प्रसार के खिलाफ कड़ी निगरानी रखने की भी सलाह दी।

---

जदयू सांसद संजय कुमार झा ने कहा है कि देश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में श्री झा ने कहा कि सरकार पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर इस संबंध में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

———साउंड बाइट———

---

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी है। नागरिकों से अपील की गयी है कि वे केवल आधिकारिक और विश्वसनीय स्रोतों पर ही भरोसा करें और जानकारी साझा करने से पहले उसकी पुष्टि कर लें। यह भी आग्रह किया है कि वे इस तरह की किसी भी भ्रामक या तथ्यहीन सामग्री की रिपोर्ट +91 87 99 71 12 59 पर संपर्क करें या factcheck@pib.gov.in पर ईमेल करें।

---

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के प्रस्थान हॉल में स्थित विदेशी मुद्रा विनिमय काउंटरों पर निवासियों को भारतीय रुपये के नोट बदलने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। यात्री आव्रजन या सीमा शुल्क डेस्क के आगे ड्यूटी–फ्री क्षेत्र या सुरक्षा क्षेत्र में स्थापित विदेशी मुद्रा काउंटरों से भारतीय रुपये के नोट बदल सकेंगे। इससे पहले यह सेवा केवल गैर–भारतीयों के लिए उपलब्ध थी।

---

बिहार ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में जीएसटी कर संग्रह में कुल तैंतालीस हजार तीन सौ चौबीस करोड़ रूपये का रिकॉर्ड संग्रहण किया है। वाणिज्य कर विभाग की ओर से जारी प्रावधिक आंकड़ों के अनुसार राज्य ने बड़े राज्यों की श्रेणी में कुल संग्रहण वृद्धि दर के आधार पर चौथा स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य कर मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि यह पिछले वर्ष की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि मार्च दो हजार छब्बीस में राज्य की वृद्धि दर तेरह प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत पांच प्रतिशत से काफी अधिक है।

---

नालंदा जिले के नूरसराय में महिला से दुष्कर्म के प्रयास मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। अपराध अनुसंधान विभाग, कमजोर वर्ग के अपर पुलिस महानिदेशक डॉक्टर अमित कुमार जैन ने बताया कि नालंदा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी– दो के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि एक ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है।

–––साउंड बाईट–––

---

बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद ने बिहारशरीफ के मघड़ा स्थित शीतला माता मंदिर को परिषद में शामिल किया है। अब इस मंदिर का संचालन परिषद के अधीन होगा, जिसके अध्यक्ष उप अनुमंडल अधिकारी होंगे। परिषद के अध्यक्ष रणवीर नंदन ने कहा कि अब मंदिर के प्रबंधन, व्यवस्था और विकास के लिए न्यास आवश्यक कदम उठायेगा।

---

बिहार पुलिस को देश का सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति कलर पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिहार पुलिस को राष्ट्रपति कलर पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी है। यह पुरस्कार देश में किसी पुलिस और सुरक्षा बल को दिये जाने वाले सर्वोच्च सम्मान **निशान** के नाम से भी जाना जाता है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बिहार के मुख्य सचिव इस पुरस्कार के लिए चयनित होने की जानकारी दी।

---

स्वच्छ भारत मिशन के तहत बिहार को एक सौ छियासठ करोड सडसठ लाख रूपये की राशि जारी की गई है। ग्रामीणर विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में संचालित होने वाली मिशन की योजनाओं के लिये यह राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में स्वच्छता मिशन में तेजी आयेगी।

---

प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान पैंतीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इस दौरान अड़तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी, शेखपुरा और भभुआ राज्य के सबसे गर्म स्थान रहे है। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव आठ डिग्री सल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस बीच, मौसम विभाग ने पांच अप्रैल को पटना सहित राज्य के कई हिस्सों में आंधी–पानी और

वज्रपात का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान औरंगाबाद, भभुआ, गया, नवादा और रोहतास जिले में आंधी–बारिश की आशंका है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी भर्ती परीक्षा के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा चौदह से इक्कीस अप्रैल तक तीन चरणों में होगी। आयोग के अनुसार चौदह और पन्द्रह अप्रैल को परीक्षा का पहला चरण आयोजित होगा। वहीं, दूसरा चरण सत्रह और अठारह अप्रैल को जबकि बीस तथा इक्कीस अप्रैल को तीसरे चरण की परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिए राज्यभर में सात सौ छियालीस केन्द्र बनाये गये हैं। इस परीक्षा में लगभग ग्यारह लाख अभ्यथियों शामिल होंगे। अभ्यर्थी आज से अपना प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर रेलवे ने छह हजार पांच सौ पैंसठ तकनीशियन पदों पर भर्ती प्रक्रिया की अधिसूचना जारी कर दी है।

---

आज गुड फ्राइडे है। प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की याद में यह दिन मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपने जीवन का बलिदान किया था। गुड फ्राइडे पर लोग मानवता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का संकल्प लेते हैं। प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में रविवार से ईस्टर समारोह शुरू हो जायेंगे।

गुड फ्राइडे पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल– सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने अपने संदेश में कहा है कि हम सभी को ईसा मसीह द्वारा बताये गए जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु के बताये मार्ग के अनुसरण से मानव समाज कल्याण के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। इधर, इस अवसर पर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

---

उत्तर प्रदेश के नोएडा में सम्पन्न इंडिया स्किल्स दो हजार पच्चीस–छब्बीस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार को तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक प्राप्त हुये हैं। इस समारोह में युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय सिंह टाईगर शामिल हुये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार सरकार उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रही है। श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी चीन में आयोजित होने वाली विश्व स्किल्स चैंपियनशिप में शामिल होंगे।

---

राजगीर में आयोजित सब–जूनियर पुरूष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में आन्ध्र–प्रदेश, मिजोरम, तेलंगाना, दिल्ली और छत्तीसगढ़ की टीमों ने अपने–अपने मैचों में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की है।

लखीसराय में आयोजित राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के प्री–क्वार्टर फाईनल मुकाबले में दरभंगा की टीम ने समस्तीपुर को ट्राई ब्रेकर में तीन–शून्य से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया है। वहीं, एक अन्य मैच में मुजफ्फरपुर ने गया को दो–शून्य से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया है।

---

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। वहीं, कल कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गये मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को पैसठ रन से हरा दिया। दो सौ सत्ताईस रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सोलह ओवर में एक सौ इकसठ रन पर ही सिमट गई।

---

निगरानी विभाग ने जनवितरण प्रणाली की दुकान से अनाज की कालाबाजारी के मामले में बेगूसराय में मंसूरचक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार और डीलर विद्यासागर को बारह हजार रूपये रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया है।

---

मधेपुरा में उत्पाद विभाग ने अलग–अलग स्थानों से आठ सौ छह लीटर विदेश शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

बोधगया के महाबोधि मंदिर में एशियाई बौद्ध शांति सम्मेलन के तहत इक्यावन देशी और विदेशी प्रतिनिधियों ने परिभ्रमण किया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मध्य–पूर्व में जंग की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– युद्ध लम्बा खिंचने से सकते में दुनिया। ट्रंप की धमकी–ईरान को पाषाण युग में पहुंचा देंगे।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– बिहार में नई सरकार की तैयारी, दस दिनों बाद शुरू होगी नई सरकार के गठन की प्रक्रिया।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर को अपनी लीड बनाते हुये लिखा है– नीतीश के सीएम पद छोड़ने की तारीख लगभग तय, चौदह को नई सरकार के आसार।

प्रभात खबर लिखता है– राज्य में खुलेंगे एक सौ आठ इवनिंग ओपीडी, गरीब मरीजों को मिलेगा फ्री इलाज। राष्ट्रीय सागर का शीर्षक है–आयकर विभाग ने नई वेबसाईट एआई असिस्टेंट 'कर साथी' लांच की। आज अखबार की सुर्खी है– उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का बिहार दौरा चार को।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक दो हजार छब्बीस के पारित होने को जीवन यापन और व्यापार करने में सुगमता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

02. जीएसटी कर संग्रहण में नौ प्रतिशत की वृद्धि के साथ बिहार देशभर में चौथे स्थान पर। वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में तैंतालीस हजार तीन सौ चौबीस करोड़ का रिकॉर्ड राजस्व संग्रह।

03. प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान पैंतीस डिग्री के पार। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अड़तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ डेहरी, शेखपुरा और भभुआ राज्य के सबसे गर्म स्थान रहे।

04. और, गुड फ्राईडे के अवसर पर प्रदेशभर के गिरिजाघरों में हो रहा है विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।